आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 18.2.2025

समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू होगा। 20 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए बजट पेश किया जाएगा।
- उत्तराखण्ड में 26 मार्च 2010 के बाद के सभी निवासियों को यूसीसी पोर्टल पर विवाह, विवाह विच्छेद या लीविंग का पंजीकरण कराना अनिवार्य हुआ।
- चिकित्सा शिक्षा विभाग जल्द ही राजकीय मेडिकल कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 439 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगा।
- उत्तरकाशी शहर और आसपास के क्षेत्रों में करीब 360 छोटे–बड़े प्राचीन कुंडों को विकसित करने के प्रयास शुरू।
- पंतनगर के गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 17वीं कृषि विज्ञान कांग्रेस एवं एक्सपो का आयोजन 20 फरवरी से किया जाएगा।

बजट सत्र

उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू होगा। सत्र की शुरुआत राज्यपाल गुरमीत सिंह के अभिभाषण से होगी। कल हुई विधानसभा कार्य मंत्रणा की बैठक में तय हुआ कि 19 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा और धन्यवाद प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा। इसके बाद विधायी कार्य संपन्न होंगे। 20 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए आय–व्यय का बजट पेश किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने सर्वदलीय बैठक में नेता प्रतिपक्ष समेत सभी दलों के नेताओं से सदन में सहयोग की अपेक्षा की है। विधानसभा सत्र को देखते हुए देहरादून शहर के रूट भी डायवर्ट कर दिए गए हैं। इसके अलावा बोर्ड परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए अलग से कंट्रोल रूम बनाया गया है। विधानसभा और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने ब्रीफिंग में पुलिस कर्मियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

यूसीसी

उत्तराखण्ड के सभी निवासियों को यूसीसी पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। ये जानकारी देते हुए चमोली जिले के अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने बताया कि 27 जनवरी से उत्तराखण्ड में यूसीसी लागू हो गयी है। 26 मार्च 2010 के बाद से सभी को विवाह, विवाह विच्छेद या लीविंग का पंजीकरण कराना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि समान नागरिक संहिता कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आज कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सीएससी सेंटर संचालकों के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा। उन्होंने सभी मुख्यालय स्तर पर तैनात अधिकारी कर्मचारियों को कार्यशाला में प्रतिभाग कर अपना रजिस्ट्रेशन कराने को कहा। साथ उन्होंने आम जनमानस से अपील की है वे भी समय से यूसीसी पोर्टल पर अपना विवाह का पंजीकरण कराएं।

उधर, नैनीताल जिले के हल्द्वानी में समान नागरिक संहिता के तहत नियुक्त किए गए उप निबंधक व निबंधकों को प्रशिक्षण दिया गया। अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि अभी तक विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र के लिए कुल 322 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 89 आवेदनों को मंजूरी दे दी गई है, जबकि 19 आवेदनों को अस्वीकार किया गया है और शेष आवेदनों पर कार्यवाही गतिमान है।

उत्तरकाशी

उत्तरकाशी में महाभारत कालीन और कई पौराणिक कुंड आज भी मौजूद हैं। स्थानीय लोग इनका प्रधोन जलापूर्ति और धार्मिक महत्व से करते हैं। स्थानीय लोगों ने इनके सरंक्षण पर शोध केंद्र और पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने की मांग की है। आज भी उत्तरकाशी शहर और आसपास के क्षेत्रों में छोटे—बड़े करीब 360 प्राचीन कुंड है। बडकोट के नगर पालिका अध्यक्ष विनोद डोभाल ने बताया कि नगर के सभी प्राचीन कुंडो का सर्वेक्षण कर विकसित किया जाएगा।

नियुक्ति

उत्तराखंड के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षा विभाग जल्द ही असिस्टेंट प्रोफेसर के 439 रिक्त पदों पर नियुक्ति करेगा। चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश के राजकीय मेडिकल कालेजों में विभिन्न संकायों के रिक्त पदों को भरने का निर्णय लिया है। इसके लिए विभाग ने राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को अधियाचन भेज दिया है। चयन बोर्ड की ओर से शीघ्र ही रिक्त पदों से संबंधित विज्ञापन जारी कर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 439 रिक्त पदों में से सामान्य श्रेणी के 218, अनुसूचित जाति 112, अनुसूचित जनजाति 09, ओबीसी के 68 और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये 32 पद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार मेडिकल कालेजों में शत प्रतिशत फैकल्टी देने के लिए प्रतिबद्ध है।

17वां कृषि विज्ञान कांग्रेस

राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी — एन.ए.ए.एस, पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार 17वीं कृषि विज्ञान कांग्रेस और एक्सपो का आयोजन करने जा रही है। 20 फरवरी से शुरू होने वाले तीन दिवसीय एक्सपो की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री समेत देश—विदेश के करीब 4 हजार वैज्ञानिक, छात्र और किसान हिस्सा लेंगे। आयोजन समिति के सचिव और निदेशक शोध डॉ. अजीत सिंह नैन ने बताया कि देश में पहली बार इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। इस एक्सपो में देश—विदेश की उन्नत कृषि तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसका लाभ उत्तराखंड के किसानों को मिलेगा। कृषि विज्ञान कांग्रेस का उद्देश्य दुनिया भर के अग्रणी शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, छात्रों, किसानों और उद्यमियों को कृषि—खाद्य प्रणालियों के सभी पहलुओं पर अपने शोध निष्कर्षों, विचारों और अनुभवों का आदान—प्रदान करने के लिए एक संयुक्त मंच प्रदान करना है। कृषि एक्सपो में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के अनुसंधान संस्थानों, विश्वविद्यालयों, कृषि उद्योगों, एजेंसियों और गैर—सरकारी संगठनों की नवीन कृषि प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

खिलाड़ियों का सम्मान

38वें राष्ट्रीय खेलों में बागेश्वर जिले के पदक विजेता खिलाड़ियों, प्रतिभागियों और प्रशिक्षकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में वक्ताओं ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेल पर्वतीय जिलों के प्रमुख स्थानों पर आयोजित होने से देशभर से आए खिलाड़ियों को खेल के साथ ही राज्य की संस्कृति का भी ज्ञान हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य और जिले का नाम रोशन करने वाले पदक विजेताओं व प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि जिले में ताइक्वांडो को हब के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल बजट में अप्रत्याशित वृद्धि की है। इसका लाभ खिलाड़ियों को मिल रहा है। ताइक्वांडो में रजत पदक विजेता महेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि जिले और राज्य के लिए पदक जीतकर उन्हें खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार खेलों में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करा रही है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....

आज से शुरू होने वाले उत्तराखंड बजट सत्र की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित की है। दैनिक जागरण ने लिखा है – राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू होगा उत्तराखंड विधानसभा का सात दिवसीय बजट सत्र। अमर उजाला ने लिखा है – उत्तराखंड का बजट सत्र आज से, 20 फरवरी को पेश किया जाएगा बजट।

जलवायु परिवर्तन के चलते राज्य के प्राकृतिक जल स्रोतों के धीरे–धीरे विलुप्त होने पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से लिखा है– पिंडर–कोसी को नदी जोड़ों योजना में लाया जाए।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–

- प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू होगा। 20 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए बजट पेश किया जाएगा।
- उत्तराखण्ड में 26 मार्च 2010 के बाद के सभी निवासियों को यूसीसी पोर्टल पर विवाह, विवाह विच्छेद या लीविंग का पंजीकरण कराना अनिवार्य हुआ।
- चिकित्सा शिक्षा विभाग जल्द ही राजकीय मेडिकल कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 439 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगा।
- उत्तरकाशी शहर और आसपास के क्षेत्रों में करीब 360 छोटे–बड़े प्राचीन कुंडों को विकसित करने के प्रयास शुरू।
- पंतनगर के गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 17वीं कृषि विज्ञान कांग्रेस एवं एक्सपो का आयोजन 20 फरवरी से किया जाएगा।